एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन ने एक करोड़ रु. की पार्किंग बिना किसी टैंडर चहेते ठेकेदार को सौंपी!

सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग में कच्ची पर्चियों की आड़ में दुगुना पार्किंग शुल्क वसूल रहा ठेकेदार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सवाई मानसिंह अस्पताल की भूमिगत पार्किंग का ठेका जे.बी.एम. कंपनी से वापस लेकर चहेती फर्म को सौंपने का बड़ा मामला सामने आया है। प्रतिवर्ष 1 करोड़ रु. का राजस्व देने वाली इस पार्किंग को अस्पताल प्रशासन ने बिना किसी टैंडर चहेती फर्म मैसर्स ऋतुराज एसोसिएट्स के संचालक बृजराज सिंह को सौंप दिया। यह ठेकेदार सवाई मानसिंह अस्पताल के नाम की कच्ची पर्चियों की आड़ में आमजन से दुगुना पार्किंग शुल्क वसूल रहा है। पूरा प्रकरण उजागर होने के बावजूद चिकित्सा विभाग के अफसरों की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग में इन दिनों दुपहिया वाहन चालकों से 20 रु. और चौपहिया वाहनों से 40 रु. का पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। जबकि पूर्व में यहां जिस जे.बी.एम. कंपनी के पास ठेका था, वह क्रमशः 10 रु. और 20 रु. शुरूआती 10 घंटे के लिए वसूलती थी।

सूत्रों की मानें तो सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य भवन और धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग का संचालन इन दिनों मैसर्स ऋतुराज एसोसिएट्स फर्म के संचालक बृजराज सिंह द्वारा किया जा रहा है। गौर फरमाने वाली बात यह है कि, एस.एम.एस. अस्पताल की पार्किंग के टैंडर प्रक्रिया पर अदालत ने स्टे दे रखा है। गत 2 वर्षों से इस भूमिगत पार्किंग का संचालन जे.बी.जे. कंपनी कर रही थी। परंतु गत 21 नंवबर को सवाई मानसिंह अस्पताल के

पार्किंग ठेकेदार बृजराज सिंह

पर्चियों पर अंकित 40 रु. शुल्क

चिकित्सा अधीक्षक ने इस कंपनी को पत्र लिखकर यह कहते हुए ठेका निरस्त कर दिया कि, अब इस पार्किंग को एस.एम.एस. अस्पताल प्रशासन के स्तर पर संचालित किया जायेगा। अधीक्षक सुशील भाटी के इस पत्र के बाद 22 नवंबर को जे.बी.जे. कंपनी ने पार्किंग का जिम्मा अस्पताल प्रशासन को सौंप दिया।

मजेदार बात यह है कि हॉस्पिटल प्रशासन ने जे.बी.जे. कंपनी से यह पार्किंग लेते ही इसका संचालन अगले ही दिन प्राइवेट लोगों को सौंप दिया, अब यहां पर 10 व 20 रु. के शुल्क के बजाय 20 व 40 रु. की राशि वसूली जा रही है। ठेकेदार द्वारा लिए गए दुगुने शुल्क की कुछ पर्चियां गत 23 नवंबर को भी सामने आई थी। ऐसे ही पर्चियां 28 नवंबर को भी सामने आयी है, जिसमें चौपहिया वाहनों से 40 रु. का शुल्क लिया जा रहा है। सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि पार्किंग शुल्क की "अवैध वसूली" का यह पूरा खेल सवाई मानसिंह अस्पताल के नाम पर कच्ची पर्चियों पर खेला जा रहा है।

जबकि सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने मरीजों और उनकी परिजनों के लिए वाहन पार्किंग शुल्क दुपहिया वाहनों के लिए 10 और चौपहिया वाहनों के लिए 20 रुपये शुरूआती 10 घंटों के लिए तय कर रखे हैं।

पिछले दिनों जब इस प्रकरण में एस.एम.एस. अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक सुशील भाटी से बात की गई थी तो उन्होंने कहा था कि, पार्किंग का संचालन अस्पताल स्वयं कर रहा है, कुछ निजी लोगों को पार्किंग की व्यवस्था के लिए "हायर" किया है। परंतु 28 नवंबर को कुछ वीडियो सामने आए, जिनमें अस्पताल की भूमिगत पार्किंग का संचालन अन्य ठेकेदार बृजराज सिंह द्वारा करना सामने आया।

बृजराज सिंह की फर्म ऋतुराज एसोसिएट्स पूर्व में भी सवाई मानसिंह अस्पताल की धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग का संचालन कर चुकी है। यहां तक कि उनके द्वारा नगर निगम के सरकारी पार्किंगस्थल रामलीला मैदान का ठेका भी लिया गया था। ऐसे में सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर सीधा सवाल उठ रहा है कि, क्या उन्होंने दूसरे ठेकेदार को सालाना 1 करोड़ का

- **पूर्व में अस्पताल की पार्किंग में जे.बी.एम. कंपनी द्वारा दुपहिया वाहनों से 10 रु. तथा चौपहिया वाहनों से 20 रु. शुल्क शुरूआती 10 घंटे के लिए लिया जाता था, अब नया ठेकेदार यह क्रमशः 20 और 40 रु. के हिसाब से राशि वसूल रहा है।**
- **बड़ा सवाल यह है कि, जब एस.एम.एस. अस्पताल की पार्किंग की टैंडर प्रक्रिया पर हाईकोर्ट का स्टे है तो फिर आखिर चिकित्सा अधीक्षक ने आनन-फानन में जे.बी.एम. कंपनी से पार्किंग वापस लेकर बिना किसी टैंडर चहेते मैसर्स ऋतुराज एसोसिएट्स फर्म के संचालक बृजराज सिंह को क्यों सौंपा**
- **बताया जा रहा है कि सवाई मानसिंह अस्पताल व धनवंतरी ओ.पी.डी. की भूमिगत पार्किंग के ठेके से हॉस्पिटल प्रशासन को सालाना करीब 1 करोड़ रु. का राजस्व मिलता था, लेकिन अब यह राशि प्राइवेट ठेकेदार की जेब में जा रही है।**

राजस्व देने वाली पार्किंग का ठेका बिना किसी टैंडर सौंप दिया है।

हालात ऐसे हैं कि अस्पताल प्रशासन ने ना तो कम्प्यूटर जनित पर्चियों के लिए पॉस मशीनें दे रही है और ना ही निर्धारित शुल्क राशि के कोई बोर्ड पार्किंग स्थल पर लगा रखे हैं। इस वजह से आमजन को मजबूरन दुगुना शुल्क चुकाना पड़ रहा है।

सूत्रों की मानें तो सवाई मानसिंह अस्पताल की दोनों पार्किंग में प्रतिदिन करीब 500 चौपहिया और 1500 दुपहिया वाहन पार्क किए जाते हैं। इसमें से 300 चौपहिया और 500 दुपहिया वाहन अस्पताल प्रशासन के लिए निःशुल्क पार्किंग शामिल है। शेष वाहन मालिकों से प्रतिदिन करीब 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जाती है।

सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन ने "प्राइवेट लोगों" को पार्किंग का संचालन तो सौंप दिया, लेकिन वह कितनी राशि अस्पताल प्रशासन को जमा करवाएंगे, यह तय नहीं किया है। जबकि इससे पहले जे.बी.जे. कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष करीब 1 करोड़ रु. अस्पताल प्रशासन को जमा करवाये जाते थे।

तीन वर्ष पूर्व यह दोनों ठेके 75 लाख रु. में इस कंपनी को दिए गए थे, सालाना 10 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ यह राशि बढ़कर 1 करोड़ रु. पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि शुरूआती 10 घंटे के लिए एसएमएस अस्पताल की इस पार्किंग में साईकिल के लिए पांच रु., बाइक-स्कूटर के लिए 10 रु. और चौपहिया वाहन के 20 रुपये तय है। इसके अलावा 24 घंटे के लिए साईकिल के लिए 10, बाइक-स्कूटर के लिए 20 और चौपहिया वाहन के लिए 40 रुपये तय है।

'जे.डी.ए. जल्द लॉन्च करेगा 6 योजनाएं'

जयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव निशांत जैन ने गुरूवार को अफसरों की बैठक ली।

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव निशांत जैन ने गुरूवार को अफसरों की बैठक लेकर जे.डी.ए. द्वारा लॉन्च की जाने वाली 6 योजनाओं, लीज डीड के बकायेदारों से वसूली तथा कोर्ट कैसेज पर चर्चा की।

निशांत जैन ने बताया कि जे.डी.ए. प्रशासन जल्द ही 6 योजनाएं लॉन्च करेगा। इनमें एग्रो वेयर हाउस, वेयर हाउस, फार्म हाउस, व्यावसायिक व आवासीय योजनाएं होंगी।

उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों को अपने-अपने क्षेत्र में नई आवास योजनाएं लॉन्च करने के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए कहा।

बैठक में बताया गया कि जोन-11 में रामपुरा, चतरपुरा (लाल्या का बास) में योजना सृजन के लिए पीटी सर्वे करवाया जा चुका है, यहां प्लानिंग के लिए आयोजना शाखा काम कर रही है। इसी प्रकार जोन-14 में काठवाल, मुकारपुरा में सीमांकन के लिए अधिशाषी अभियंता द्वारा कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जोन-10 में गोविंदपुरा रोपाडा तथा जोन-12 में नई का बास में योजना व जयरामपुरा फार्म हाउस योजना तथा जोन-11 में चिरोता वेयर हाउस योजना शीघ्र योजना लांच की जायेगी। बैठक में लाईट्स (कोर्ट कैसेज) के 2024 में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की तथ्यात्मक रिपोर्ट 31 दिसम्बर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भी 20 दिसम्बर तक त्वरित भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में भूमि के बदले भूमि के लंबित 91 प्रकरणों की पेंडेंसी एल.आर. एक्ट के अंतर्गत शून्य करने के निर्देश दिए। राजस्व अर्जन के लिए विभिन्न जोनों में बडे भूखण्डों की बकाया लीज डीड वसूली करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

"कॉपीराइट एक्ट" में कार्रवाई करने जयपुर आई दिल्ली टीम से मारपीट

जयपुर । शास्त्रीनगर थाना इलाके में दिल्ली से कॉपीराइट एक्ट में कार्रवाई करने जयपुर पहुंची टीम से गुरुवार दोपहर व्यापारी भिड़ गए। व्यापारियों ने टीम के साथ हाथापाई कर डाली। हमले में टीम के चार सदस्य चोटिल हो गए। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया।

एडिशनल डीसीपी उत्तर द्वितीय बजरंग सिंह ने बताया कि दिल्ली से एडीजे और एडवोकेट्स की एक टीम कॉपीराइट संबंधित कार्रवाई के लिए गुरुवार को जयपुर में अफसरों के पास पेश हुई थी। कॉपीराइट कार्रवाई के लिए टीम के साथ शास्त्री नगर थाने के जाब्ते को भेजा गया था। सीकर हाउस रोड और उसके आस-पास दुकानों पर कार्रवाई चल रही थी। कार्रवाई के विरोध में व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित व्यापारी

- **शास्त्री नगर पुलिस ने इस प्रकरण में 7 लोगों को पकड़ा**
- **पुलिस कार्रवाई के बाद व्यापारियों ने थाने का घेराव किया, पुलिस ने तितर-बितर किया**

इकट्ठा हो गए। व्यापारियों ने इकट्ठा होकर टीम से हाथापाई कर डाली। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाया। पुलिस ने मारपीट में घायल हुए टीम के चार सदस्यों को प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर मारपीट करने वाले सात व्यापारियों को राउंडअप किया। पुलिस के आरोपियों को पकड़कर थाने लाने पर फिर से व्यापारी इकट्ठा हो गए। मार्केट में मौजूद अपनी दुकानों के शटर बंद कर शास्त्री नगर के थाने के घेराव के लिए पहुंच गए।

पकड़े गए साथी व्यापारियों को छुड़ाने को लेकर बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस अफसरों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तुरंत अतिरिक्त पुलिस जाब्ते को मौके पर बुलाया। अतिरिक्त पुलिस जाब्ते ने थाने के बाहर मौजूद लोगों को तितर-बितर किया। व्यापारियों का आरोप था कि कॉपी राइट की कार्रवाई करने के लिए आई टीम सीधे दुकान में घुस गई। अंदर घुसकर दुकान में रखे सामान को चेक करने लगी। चेकिंग के बारे में पूछने पर आई कार्ड मांगने पर टीम के सदस्य ने एक व्यापारी को थप्पड़ जड़ दिया। कार्रवाई करने आई टीम ने व्यापार का पूरा माहौल ही खराब कर दिया। बिना परिचय दिए ही व्यापारियों से उलझ गए।

467 ग्राम अफीम के साथ तस्कर पकड़ा

जयपुर । जालूपुरा पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले नारायण लाल सालवी निवासी गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर उसके पास से 467 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जालूपुरा थाना और डीएसटी उत्तर ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा।

वीरांगना ने देवर व सास-ससुर पर लगाया करोड़ों रु. हड़पने का आरोप

जयपुर । हरमाड़ा थाना इलाके में पुलवामा हमले में शहीद रोहिताश लांबा की वीरांगना मंजू लांबा ने देवर और सास-ससुर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। वीरांगना ने आरोप लगाया कि कि पति के शहीद होने पर जिस देवर के लिए सरकारी नौकरी के लिए धरने पर बैठी, उसने ही धोखा देकर करोड़ों रु. हड़प लिए। जान से मारने के लिए ससुरालवालों ने मानसिक-शारीरिक रूप से टॉर्चर किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने अनुसार लोहा मंडी रोड माचडा निवासी मंजू लांबा (28) ने मामला दर्ज करवाया कि 14 फरवरी

- **पुलवामा हमले में शहीद रोहिताश लांबा की वीरांगना मंजू लांबा ने देवर और सास-ससुर के खिलाफ हरमाड़ा थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया**
- **वीरांगना ने आरोप लगाया कि पति के शहीद होने पर जिस देवर के लिए सरकारी नौकरी के लिए धरने पर बैठी, उसने ही धोखा देकर करोड़ों रु. हड़प लिए। यहां तक कि जान से मारने के लिए ससुरालवालों ने मानसिक-शारीरिक रूप से टॉर्चर भी किया।**

2019 को पुलवामा हमले में पति रोहिताश लांबा शहीद हो गए थे। पति के शहीद होने के बाद 2 महीने के बेटे के साथ अकेली रह गई। बेटा अब 5 साल का हो चुका है। पति के शहीद होने पर सीआरपीएफ, राज्य-केंद्र सरकार और अन्य ट्रस्ट-फाउंडेशन से बैंक अकाउंट्स में 5 करोड़ रुपए जमा करवाए गए थे। वीरांगना का आरोप है कि सास घीसी देवी, ससुर बाबूलाल और देवर जितेंद्र लांबा ने उनके साथ विश्वासघात किया। साल-2019 से 2022 तक बैंक अकाउंट से खाली चेकों पर साइन करवाकर पूरे रुपए निकाल लिए। बैंक अकाउंट में भी उसका मोबाइल नंबर हटा कर देवर जितेंद्र लांबा ने अपना मोबाइल नंबर ऐड करवा दिया।

इसके कारण बैंक अकाउंट में हो रहे रुपए ट्रांसफर का मैसेज नहीं आया। बिना मेरी सहमति के बैंक अकाउंट में नॉमिनी बेटे का नाम हटाकर देवर ने खुद का नाम लिखवा लिया। अप्रेल-2022 में उसे रामपुरा डाबरी में 505 वर्ग गज का प्लॉट दिलाया। रजिस्ट्री करवाते समय धोखे से आधा प्लॉट देवर जितेंद्र ने अपने नाम करवा लिया। इस बारे में पता चलने पर विरोध किया। ससुरालवालों ने शारीरिक और मानसिक टॉर्चर करना शुरू कर दिया।

आरोप है कि देवर जितेंद्र लांबा ने मारने के उद्देश्य से 5 जुलाई 2024 को परिचित से कहकर गाड़ी से टक्कर मरवाई। हॉस्पिटल से छुट्टी मिलने पर घर पहुंची। अलमारी में रखे गहने-डॉक्युमेंट नहीं मिले। जून-2024 में आमेर में अलग रहने लगी। सितंबर-2024 में ससुरालवालों के जानलेवा हमला करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि पीड़िता मंजू लांबा की शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

राजकॉप सिटीजन एप में महिला सुरक्षा के लिए "नीड हैल्प" फीचर भी जोड़ा

जयपुर (कासं)। संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिये राजकॉप सिटीजन एप, वूमन सेफ्टी के तहत "नीड हैल्प" के जरिये पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की योजना पुलिस मुख्यालय द्वारा शुरू की जा रही है। इसके लिए सर्वप्रथम विभिन्न जिला एवं रेंज स्तर पर सुरक्षा सखी, पुलिस मित्रों एवं अन्य जनसम्पर्क के माध्यम से इस एप के प्रयोग सम्बन्धी डेमोस्ट्रेशन दिया जाएगा।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने इस संबंध में सभी पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपायुक्त को निर्देश जारी कर अधिकाधिक राजकॉप सिटीजन एप को मोबाईल पर डाउनलोड करने आमजन को डेमोंसट्रेशन के द्वारा

- **संकटग्रस्त महिलाओं द्वारा हैल्प मांगने पर तत्काल नजदीकी सहायता उपलब्ध होगी, पीड़ित को एप पर मिलेगी पूरी जानकारी**
- **संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय का नवाचार**

प्रेरित करने को लिखा है। जिससे इस योजना का लाभ संकटग्रस्त महिलाओं को मिल सके।

एडीजी अग्रवाल ने बताया कि राजकॉप सिटीजन ऐप में महिला सुरक्षा के लिए "मदद चाहिए" की सुविधा दी गई है। जिसमें आपात स्थिति में सहायता व गैर आपात स्थिति में सहायता की दो तरह की सुविधाएं दी गयी है। आपात स्थिति में सहायता के लिए जब भी किसी महिला द्वारा रिक्वेस्ट की जाती है, तो 1090 कन्ट्रोल रूम (जयपुर) को नोटिफिकेशन जाता है। कन्ट्रोल रूम पर कार्यरत पुलिसकर्मी के नोटिफिकेशन स्वीकृत करने पर इसकी सूचना पीड़ित को ऐप पर दिखायी देती है। इसके बाद पीड़ित को कॉल कर समस्या पता की जाती है। अगर पीड़ित फोन नहीं करने का मैसेज रिक्वेस्ट के साथ भेजता है तो ऐसी स्थिति में लोकेशन पर मदद पहुंचाने की कार्यवाही की जाती है।

जयपुर कन्ट्रोल रूम ऑपरेटर द्वारा बिना समय गंवाए सम्बन्धित जिले के अभय कमाण्ड सेंटर को सूचना भिजवाई जाती है। जिसके आधार पर पीड़ित की लोकेशन पर उस जिले के सम्बंधित थाने को पहुँच जाती है। थाना पुलिस या नजदीकी वाहन 112 पीड़ित की लोकेशन पर पहुंच मदद पहुंचाता है। वाहन 112 की लोकेशन पीड़ित एप पर ट्रैक वाहन की सहायता से देख सकता है। एप पर हैल्प मांगने के बाद पीड़ित के पास पुलिस की गाड़ी पहुंचने तक की सभी जानकारी ऐप पर दी जाती है। जरूरी सहायता मिलने के बाद पुलिसकर्मी रिक्वेस्ट बन्द कर देता है। मदद प्राप्त हो जाने पर पीड़ित स्वयं भी रिक्वेस्ट बन्द कर सकता है।

चौथी मंजिल से गिरने से लैब टेक्नीशियन की मौत

जयपुर । मानसरोवर इलाके में गुरुवार को पड़ौसी की निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरने से एक लैब टेक्नीशियन की मौत हो गई। थाने में मृतक के भाई ने पड़ौसियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। मृतक के भाई का आरोप है कि मीटिंग के बहाने भाई को निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर बुलाया। कहासुनी पर ईंट से भाई के सिर पर वार किया। इसके बाद बिल्डिंग से नीचे फेंककर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) ललित किशोर शर्मा ने बताया कि मृतक सुभाष लवानिया (49) पुत्र गोविन्द सहाय रैगर मानसरोवर के हीरा पथ पर उत्तर नगर में परिवार के साथ रहता था और मेडिकल लैब में टेक्नीशियन का काम करते था। मृतक सुभाष का भाई रामवतार ने आरोप लगाया है कि पिछले कुछ दिनों से उनका पड़ोसी से निर्माणाधीन मकान को लेकर झगड़ा चल रहा था। दो-तीन पहले भी मीटिंग करने पर आरोपित पड़ोसियों ने मकान उनको बेचने की कहा था। जिसके चलते गुरुवार को पड़ोसियों ने मीटिंग करने की कहकर बुलाया था। रामवतार के नहाने जाने के दौरान मीटिंग की कहकर छोटे भाई सुभाष लवानिया को पड़ोसी ने दो मकान छोड़कर अपने चार मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग में बुला लिया। चौथी मंजिल पर बातचीत के दौरान कहासुनी होने पर आरोपित पड़ोसियों ने सुभाष के सिर पर ईंट से वार किया। उसके बाद धक्का देकर छत से नीचे फेंककर मार डाला। पड़ौसी की निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत से नीचे गिरे भाई सुभाष को संभाला तो वह गंभीर हालत में था, जिसे धनवंतरी अस्पताल के डॉक्टर्स ने एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सुभाष की मौत हो गई।

सार-समाचार

दुर्गा वर्मा महिला आयोग से सम्मानित

जयपुर । राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार द्वारा प्रताप नगर स्थित चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान में महिला किसान एवं कृषि उद्यमी हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की महासचिव दुर्गा वर्मा को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर तथा गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सम्मान पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक व ट्रस्ट मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि यह सम्मान पत्र इनको व्यवसाय में नवाचार करने तथा महिला किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद आदि का प्रशिक्षण दिलवाने एवं प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया है । इस अवसर पर डॉ. अर्चना मजुमदार, सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग, फैज अहमद किदवई, अपर सचिव(विपणन) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, कार्यक्रम संयोजक डॉ सोहन आदि उपस्थित रहे ।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया

जयपुर । निशुल्क चिकित्सा शिविर नव जागृति मंच, व्यास सेवा संस्थान, उत्कर्ष संस्थान, जागृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में स्वनेत्र आई हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से विशाल नेत्र निशुल्क चिकित्सा शिविर जागृति विद्या मंदिर स्कूल झोटवाड़ा में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवारी व विप्र कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष मंजू शर्मा ने किया। स्वनेत्र आई हॉस्पिटल के प्रभारी जय किशन गुर्जर ने बताया कि शिविर में 500 मरीजों की जांच की गई एवं 60 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिये चयन किया गया। इनका लेंस प्रत्यारोपण निशुल्क किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर की निशुल्क जांच की गई। शिविर में समाज सेवी नरेन्द्र व्यास सचिव व्यास सेवा संस्था के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा (राष्ट्रदूत), सुरेश चंद शर्मा, कमल किशोर शर्मा, कैलाश शर्मा, सुधीर तिवारी, हवा सिंह बुगालिया, हरेन्द्र पाल सिंह जादौन, सुशील पारीक, कैलाश गुरूजी, इमराज खान छोटी बेरी, महबूब जड़ावता, मनोज अमन, सुरज्ञान मीना, अर्चना शर्मा, निजाम शेख, राकेश लाटा, भरत शर्मा, धीरज शर्मा, देवीलाल वर्मा, ओमकार गहलोत, राजकुमार सिंह पंवार, दीपक जांगिड़, नमिता अग्रवाल, रण सिंह, सुरेश घटाला, तोहिद शेख, श्याम गर्ग, जूनैद पठान, चांद आजाद, अशोक पारीक व पार्षद लादूराम दुलारिया सहित अनेक समाज सेवी उपस्थित रहे। राजेन्द्र शर्मा ने जागृति ग्रुप द्वारा शिविर में आये सभी समाज सेवियों का आभार जताया।

पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर को

जयपुर । राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की स्टेट टॉस्क फोर्स की बैठक गुरूवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 8 दिसम्बर पोलियो रविवार को प्रदेश के 39 जिलों में आयोजित होने वाले उप पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये गए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय के साथ तैयारी करते हुए अभियान को सफल बनाएं। बच्चों को आवश्यक रूप से पोलियो की खुराक पिलाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए एवं आईईसी गतिविधियां की जाएं। एक भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से नहीं छूटे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक भारती दीक्षित ने बताया कि प्रदेश के 39 जिलों में अभियान के तहत जन्म से 5 साल तक की उम्र के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। बैठक में निदेशक आईईसी शाहीन अली खान, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अल्का सक्सेना तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

'दिव्यांगों को लाभ देने का अभियान चलाएं'

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका की अध्यक्षता में गुरुवार को निदेशालय विशेष योग्यजन में योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। रांका ने दिव्यांग लोगों को अभियान चलाकर लाभ देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने यू.डी.आईडी कार्ड के लंबित डाटा का शीघ्र निस्तारण करने के लिए डीएलओ को पत्र लिखे जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सिलिकोसिस योजना में जो बिल जनरेट हो गए है उनका भुगतान प्राथमिकता से करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जामडोली में सीआरसी जमीन पर सीवरेज से संबंधित समस्या का निस्तारण करें और जामडोली एमआर होम में यदि कोई अनियमितता प्रतीत होती है, तो उस की जांच की जाए। रांका ने एनजीओ की पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को नियमानुसार किये जाने और स्कूटी वितरण योजना के लिए जिलों से लिस्ट मंगवाकर स्कूटी वितरण हेतु अंतिम चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एच. गुईटे आयुक्त, विशेष योग्यजन, सुवालाल पहाड़िया अतिरिक्त निदेशक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

'भूमि के मुआवजे के लिए भटक रहे लोग'

जयपुर । जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जमीन मालिकों को अवाप्त भूमि का मुआवजा नहीं दिये जाने का मामला सामने आया है। मिशन राइट्स एंड जस्टिस संस्था के कार्यकर्ता के.एल. पंजाबी का कहना है कि हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद पीडब्ल्यूडी अफसर पीड़ितों को मुआवजा राशि नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर में खसरा नंबर 306 की जमीन में से अवाप्त भूमि का मुआवजा दिया जाना था। इसमें रफीक खान, हमीद अली, रोशनलाल, राजेश मेहता, लक्ष्मीचंद मेहता, चंद्रा बाफना, चंद्रा मेहता समेत कई लोग शामिल थे। विभाग द्वारा इन पीड़ितों की करीब करीब 1900 वर्गगज जमीन अवाप्त की गई थी, लेकिन इन्हें मुआवजा राशि नहीं मिली। पीड़ित राजेश मेहता और उनका परिवार मुआवजा नहीं मिलने के कारण भारी परेशानी में चल रहे हैं। इन अफसरों की नींद तोड़ने के लिए 2 दिसंबर से सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्यालय जयपुर और अन्य क्षेत्रों में रामधुन, हनुमान चालीसा शांति पाठ, सदबुद्धि यज्ञ किए जाएंगे।

पुलिस कमिश्नर ने की जनसुनवाई

जयपुर । जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरूवार को मुहाना थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध कुँवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल, सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू, सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर, सहायक पुलिस आयुक्त बगरू सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों की जांच कर कम समय निस्तारित करने के निर्देश दिए।